लोक सभा अध्यक्ष ने 2017 बैच के आई.ए.एस अधिकारियों से आग्रह किया कि

"नई योजना और नए निदेशों के साथ अधिकतम परिणाम देना आपका मंत्र होना चाहिए"

नई दिल्ली, 17 जुलाई 2019: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज संसदीय सौध में संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा सहायक सचिवों के लिए "संसदीय पद्धति और प्रक्रिया" विषय पर आयोजित प्रबोधन कार्यक्रम में 2017 बैच के आई.ए.एस अधिकारियों को संबोधित किया। सहायक सचिवों को बधाई देते हुए, लोक सभा अध्यक्ष ने इस बात पर प्रसन्नता जताई कि सहायक सचिवों ने प्रतिष्ठित सिविल सेवा परीक्षा पास की है। श्री बिरला ने कहा कि प्रशासकों के रुप में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते समय उन्हें अनेक उत्तरदायित्व निभाने पड़ सकते हैं और कई चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है और उनके द्वारा किए गए कार्य प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नए भारत के स्वप्न को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। एक राजनीतिक और सामाजिक कार्यकर्ता के रुप में ज़मीनी स्तर पर प्राप्त अपने अनुभवों को साझा करते हुए श्री बिरला उनसे बिना किसी भय या पूर्वाग्रह के गरीबों और वंचित वर्गों के जीवन में बेहतरी लाने के लिए कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि समाज के हाशिए पर खड़े अंतिम व्यक्ति तक के लिए न्याय सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

श्री बिरला ने आशा जताई कि सब-डिवीजनल मजिस्ट्रेट के रुप में उनमें आम आदमी के साथ नियमित रुप से संवाद करके गांवों और शहरों के लोगों की समस्याओं को दूर करने की क्षमता विद्यमान है। उन्होंने उनसे लोगों की समस्याओं को खुले दिमाग और सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण से सुनने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि "नई योजना और नए निदेशों के साथ अधिकतम परिणाम देना आपका मंत्र होना चाहिए"। श्री बिरला ने आशा व्यक्त की कि इस प्रक्रिया में उन्हें प्राप्त होने वाले अनुभव उनके लिए अच्छे और सफल प्रशासक बनने के लिए सहायक सिद्ध होंगे।

इस अवसर पर केन्द्रीय संसदीय कार्य मंत्री, कोयला और खान मंत्री श्री प्रह्लाद जोशी; संसदीय कार्य और भारी उद्योग एवं लोक उद्यम राज्य मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल और संसदीय कार्य और विदेश राज्य मंत्री श्री वी.मुरलीधरन भी उपस्थित रहे।